स्टार पॉइंट वाले पैराग्राफ प्रीललम्स एग्जाम के ललए अति महत्वपूर्ण हैं

Result Mitra IAS/PCS Daily Magazine Content

चुनाव आयोग की रिपोर्ट

❖ हालिया संदर्भ :

- भारतीय चुनाव आयोग (ECI) ने हाल ही में 2024 में करवाए गए 18वीं लोकसभा चुनाव से संबंधित कुछ दिलचस्प आंकड़ें जारी किए हैं।

❖ मुख्य बातें :

- रिपोर्ट में बताया गया है कि 2019 के चुनावों के तुलना में BJP के समग्र प्रदर्शन में गिरावट दर्ज की है, लेकिन इसने 50% से अधिक वोट शेयर के अंतर से 5 सीटें जीती, जो 2019 (3) से 2 ज्यादा है।
- *** जिन BJP नेताओं ने 50% से ज्यादा वोट मार्जिन से सीटें जीती, उनमें केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल, मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम एवं वर्तमान केंद्रीय कैबिनेट मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, शंकर लालवानी एवं त्रिपुरा के पूर्व सीएम श्री विप्लव देव शामिल है।
- उपरोक्त सीटें क्रमशः गांधीनगर, नवसारी, विदिशा, इंदौर एवं त्रिपुरा पश्चिम है।
-

Note :– इस बार के चुनाव में सर्वाधिक मत प्रतिशत एवं मतांतर से जीतने का रिकॉर्ड इंदौर के शंकर लालवानी के नाम है।

❖ *** लेखा–जोखा :

- आजादी के बाद से अब तक हुए लोकसभा चुनावों में केवल 198 सीटों पर ही जीत का अंतर 50% मतों से ज्यादा रहा है।
- सबसे ज्यादा वोट शेयर मार्जिन का रिकॉर्ड 97.19% है, जिसका संबंध स्वतंत्रता सेनानी प्यारे लाल हांडू से है। हांडू ने 1989 चुनाव में जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग लोकसभा सीट से जीतते हुए यह उपलब्धि पाई थी।

स्टार पॉइंट वाले पैराग्राफ प्रीललम्स एग्जाम के ललए अति महत्वपूर्ण हैं

सीटों की संख्या	जीत का % (मतांतर)
2	90% से ज्यादा
6	80–90%
16	70–80%
45	60–70%
129	50–60%

❖ *** महत्वपूर्ण तथ्य :

- 1971 एवं 1977 के लोकसभा चुनावों में 50% अधिक मतांतर से जीते गए सीटों की संख्या अब तक के चुनावी इतिहास में सर्वाधिक (54–54) है।
- उपरोक्त दोनों लोकसभा चुनावों के अलावा अन्य किसी भी लोकसभा चुनावों में इस प्रकार के अधिकतम सीटों की संख्या 13 रही है।
- 1996 एवं 1999 लोकसभा चुनावों में इस प्रकार के सीटों की संख्या न्यूनतम (1–1) थी।

क्रम	वर्ष	50% से ज्यादा मार्जिन वाले सीटें
1	1951 (प्रथम लोकसभा चुनाव)	9
2	1977 (आपातकाल के बाद वाला चुनाव)	54
3	1984 (इंदिरा गांधी की हत्या के बाद वाला चुनाव)	13
4	1996 (अल्पमत वाली सरकार)	1
5	2014 (नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली पहली सरकार)	2

❖ राज्यवार विश्लेषण :

क्रम	राज्य	50% से ज्यादा मार्जिन वाली सीटें
1	उत्तर प्रदेश	43
2	महाराष्ट्र	31
3	बिहार	27

Note :– कांग्रेस ने ऐसी सर्वाधिक (112) सीटें जीती है, वहीं जनता पार्टी दूसरे एवं BJP तीसरे स्थान पर है।

Note :– चौथे स्थान पर इस मामले में कोई पार्टी नहीं, बल्कि निर्दलीय उम्मीदवार है।

Note :– कराड (महाराष्ट्र), कुर्नूल (आंध्र प्रदेश), त्रिपुरा पश्चिम (त्रिपुरा) एवं तुरा (मेघालय) ऐसी सीटें हैं, जहां 4 बार ऐसा हुआ है जब किसी ने 50% से ज्यादा मार्जिन से जीत दर्ज की हो।

❖ राजनेताओं की स्थिति :

- केवल 12 राजनेता ऐसे हैं, जिन्होंने 50% से ज्यादा वोट मार्जिन से एक से अधिक बार जीत दर्ज की हो।
- मेघालय के पूर्व सीएम एवं लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष पी.ए. संगमा ने तुरा से 4 बार, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अमेठी से 2 बार, सतारा से वाई. वी. चव्हाण, हाजीपुर से पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान, महासू एवं मंडी से हिमाचल के पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह आदि शामिल है।

❖ *** 18वीं लोकसभा विशेष :

- कुल पंजीकृत मतदाता – 968 मिलियन
- मत प्रयोग – 642 मिलियन
- महिलाएं, जिन्होंने वोट किया – 312 मिलियन
- कुल पंजीकृत मतदाता में पुरुष – 497 मिलियन एवं महिलाएं – 471 मिलियन
- 18 मिलियन मतदाता 18–19 वर्ष सीमा के।

MCQ–1 : भारतीय चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट के आधार पर सत्य कथनों के आधार पर विकल्प चुने–

1. आजादी के बाद से वर्तमान तक केवल एक व्यक्ति ही 50% से ज्यादा वोट मार्जिन से 4 बार जीत दर्ज करने में सफल रहे हैं।
2. 50% से ज्यादा वोट मार्जिन से सर्वाधिक सीटें जीतने का रिकॉर्ड भारतीय जनता पार्टी के पास है।
3. आजादी के बाद से अब तक हुए लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा उम्मीदवारों ने 50% से ज्यादा वोट मार्जिन से चुनाव जीता है।

a) केवल 1 एवं 3
b) केवल 2
c) केवल 2 एवं 3
d) केवल 3

Ans.–(a)

Result Mitra

स्टार पॉइंट वाले पैराग्राफ प्रीललम्स एग्जाम के ललए अति महत्वपूर्ण हैं